राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में कैंसर विजेता दिवस मनाया गया

राज्यपाल श्री मिश्र ने कैंसर निदान के लिए एआई के उपयोग से प्रभावी प्रयास किए जाने पर दिया जोर

कैंसर निदान के लिए आम जन में जागरूकता के लिए मुहिम चलाई जाए–राज्यपाल

जयपुर, 29 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि कैंसर निदान के लिए आम जन में जागरूकता की मुहिम चलाई जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर असाध्य रोग नहीं है, समय पर जांच और इसके प्रति जागरूकता से इससे बचा जा सकता है। उन्होंने चिकित्सकों का भी आह्वान किया है कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से क्लिनिकल डेटा के आधार पर कैंसर जैसे असाध्य रोग के निदान की दिशा में प्रभावी प्रयास करें।

श्री मिश्र शुक्रवार को भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र द्वारा आयोजित 21वें कैंसर विजेता दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ब्लड कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर, मुंह एवं गले के कैंसर, लंग कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान हेतु जांच के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने का भी आह्वान किया।
उन्होंने कहा कि जन-जन को इस रोग के प्रांरभिक लक्षणों के बारे में जानकारी दी जाए और यह मुहिम कैंसर जागरूकता दिवस पर ही नहीं बल्कि वर्षपर्यन्त चलनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि कैंसर जैसे असाध्य रोगों की आरंभिक पहचान के साथ इससे बचने के चिकित्सकीय उपायों का अधिकाधिक प्रसार किया जाए। उन्होंने कैंसर विजेताओं के अनुभवों से जुड़ी सफलता की कहानियों का अधिकाधिक प्रसार किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग एवं प्रकृति से निकटता के साथ स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए भी आम जन को प्रेरित किए जाने की आवश्यकता है।
श्री मिश्र ने कहा कि इस बात को समझने की आवश्यकता है कि कैंसर भयावह जरूर है परन्तु लाईलाज नहीं है। उन्होने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी और सर्जरी आदि के साथ समुचित दवा और परहेज के जरिए कैंसर को जड़ से समाप्त किया जा रहा है। उन्होने इससे पहले कैंसर विजेताओं को सम्मानित भी किया।
इससे पहले भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र के अध्यक्ष श्री नवरतन कोठारी, उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता कोठारी, कैंसर केयर की संरक्षक श्रीमती सुनीता गहलोत, मैनेजिंग ट्रस्टी श्री विमलचंद सुराना, कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल एस.सी. पारीक आदि ने आयोजन के महत्व के साथ अस्पताल द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। आयोजन में कैंसर विजेताओं ने अपने अनुभव सुनाए।


Bhagwan Mahaveer
Cancer Hospital & Research Centre
(Managed By K. G. Kothari Memorial Trust)
Cancer Care
(Women's Wing)
Cordially invites you to celebrate the
21st CANCER SURVIVORS DAY
Friday, 29th March 2024
Chief Guest
Shri Kalraj Mishra, Hon'ble Governor, Rajasthan
21ST CANCER SURVIVORS DAY
BMCHRC
21ST CANCER SURVIVORS DAY


21ST CANCER SURVIVORS DA
BMCHRC
Affordable Care with Human Touch

Bhagwan Mahaveer
Cancer Care
(Women's Wing)